## महत्वपूर्ण एवं खास

### हैथवे केबल को 2500 करोड़ रुपये की डील में खरीद सकती है रिलायंस

मुंबई (आरएनएस)। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने देश के सबसे बड़े मल्टि-सिस्टम-ऑपरेटर (एमएसओ) हैथवे केबल ऐंड डेटाकॉम को खरीदने के लिए बातचीत शुरू की है। इस डील से कंपनी को अपनी गीगाफाइबर हाई-स्पीड होम ब्रॉडबैंड सर्विस को जल्द लॉन्च करने में मदद मिलेगी। तीन सूत्रों ने बताया कि डील पर बातचीत शुरुआती स्टेज में है।

इनमें से एक ने कहा, 'अभी यह बताना मुश्किल है कि सौदा होगा या नहीं, लेकिन रिलायंस की इसमें काफी दिलचस्पी है।' माना जा रहा है कि हैथवे की कीमत 2,500 करोड़ रुपये लगाई जा सकती है। केबल टीवी कंपनी को इंडस्ट्री में एमएसओ कहा जाता है। ऐसी कंपनियां ब्रॉडकास्टर्स के साथ कंटेंट और कैरिज डील साइन करती हैं और लोकल केबल ऑपरेटर्स (एलसीओ) को सेवाएं देती हैं। रिलायंस की यह केबल टीवी इंडस्ट्री में किसी कंपनी को खरीदने की पहली कोशिश नहीं है।

हालांकि दोनों के बीच बात नहीं बनी और रिलायंस के मैनेजमेंट ने अपने दम पर गीगाफाइबर सर्विस लाने की कोशिश तेज कर दी। हैथवे और रिलायंस के बीच बातचीत की पुष्टि करते हुए एक सूत्र ने बताया, 'अंबानी की कंपनी पहले एक बड़े और कुछ छोटे एमएसओ को खरीदना चाहती थी। वह एमएसओ के इन्फ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल विडियो और ब्रॉडबैंड सेवाओं की खातिर करने का इरादा रखती थी।' सूत्र ने बताया कि डेन के साथ बातचीत टूटने के बाद जियो ने इस सेगमेंट में अकेले बढ़ने का फैसला किया था।

### जेट संकट: कर्मियों के वेतन भुगतान में फिर देरी

मुंबई (आरएनएस)। नकदी संकट से जूझ रही कंपनी जेट एयरवेज वरिष्ठ प्रबंधन समेत विमान चालकों और इंजिनियर्स के वेतन में देरी के बाद सितंबर में अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों को भी वेतन देने में असफल रही है। कंपनी से जुड़े एक सूत्र ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी फिलहाल वित्तीय देनदारियों का भुगतान करने के लिए पैसे जुटाने में संघर्ष कर रही है। उसके सामने 16 हजार से अधिक कर्मचारियों के वेतन भुगतान का भी दबाव है।

सूत्र ने कहा, 'सामान्यतः हमें महीने की पहली तारीख को वेतन मिल जाता है। पिछले महीने कंपनी ने वरिष्ठ प्रबंधन, विमानचालकों और अभियंताओं को छोड़ शेष सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन दे दिया था। लेकिन इस महीने (सितंबर) कंपनी, प्रबंधकों तथा कुछ वरिष्ठ पदों पर कार्यरत कर्मचारियों समेत अन्य श्रेणियों में भी वेतन दे पाने में असफल रही है।'

उन्होंने बताया कि 75 हजार रुपये प्रति महीने के वेतन वाले यानी ए1-ए5, ओ1 और ओ2 श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन एक अक्टूबर को आ गया। एम1, एम2, ई1 और अन्य ऊपर की श्रेणियों के कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। कंपनी को इस बाबत भेजे गए सवाल का लिखित जवाब नहीं मिला है।

# अनिल अंबानी को देश छोड़कर न जाने दे सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। स्वीडन की टेलिकॉम उपकरण निर्माता कंपनी एरिक्सन और अनिल अंबानी की कंपनी आरकॉम के बीच चल रही कानूनी लड़ाई बढ़ती जा रही है। अब एरिक्सन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वह अनिल अंबानी और उनके दो वरिष्ठ अधिकारियों को बिना इजाजत देश छोड़कर न जाने दे। इससे पहले एरिक्सन यह आरोप लगा चुकी है कि आरकॉम जानबूझकर उनकी पहले से अटकी 550 करोड़ रुपये की पेमेंट नहीं दे रही। एरिक्सन ने आरकॉम के अखिल भारतीय टेलिकॉम नेटवर्क को ऑपरेट और




मैनेज करने के लिए 2014 में सात साल की डील की थी। वह अब अपना 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया रिकवर करने की कोशिश कर रही है। बता दें कि इस वक्त आरकॉम करीब 46 हजार करोड़ के कर्ज में है। पहले आरकॉम ने 30 सितंबर तक पैसा चुकाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसपर एरिक्सन ने फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें कहा गया है कि आरकॉम देश के कानून का बिल्कुल आदर नहीं करती और दिए आदेश को हल्के में लेती है। याचिका में आगे लिखा है, कृपया कोर्ट के ऑर्डर के बिना इनके देश के बाहर जाने पर रोक लगनी चाहिए। न्याय के साथ मामले का अंत करने के लिए यह जरूरी भी है।

दूसरी तरफ दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने एरिक्सन का 550 करोड़ रुपये का बकाया चुकाने के लिये 60 दिन का समय और मांगा है। उन्होंने स्पेक्ट्रम बिक्री पूरी नहीं होने के कारण यह समय मांगा है।

बता दें कि मुश्किल वक्त में अनिल अंबानी को उनके भाई मुकेश अंबानी की कंपनी का साथ मिला है। दोनों के बीच हुई डील में अनिल स्पेक्ट्रम, टॉवर, फाइबर आदि बेचेंगे, जिससे उन्हें करीब 25 हजार करोड़ रुपये मिल सकते हैं। हालांकि, अभी डील में कुछ दिक्कतें हैं, जिनसे निपटा जा रहा है।

## ई-वे बिल का दुरुपयोग करने वाले व्यापारियों की अब खैर नहीं, सरकार ने बनाया ये प्लान

नई दिल्ली (आरएनएस)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के तहत ई-वे बिल सिस्टम का दुरुपयोग करने वाले व्यापारियों की मुश्किलें आने वाले दिनों में बढ़ सकती है। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से आ रही खबरों के मुताबिक, जीएसटीएन नेटवर्क ने अपनी जांच में ये पाया कि कई व्यापारी ई-वे बिल जेनरेट होने के चार घंटे बाद ही उसे नियमित रूप से कैंसल कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि रोजाना देश में करीब 15 लाख ई-वे बिल बनते हैं, जिनमें से करीब एक लाख रोजाना कैंसल कर दिए जाते हैं।




अधिकारी का कहना है कि अभी तक की जांच में पाया गया है कि कई व्यापारी जानबूझकर ई-वे बिलों को रद्द कर रहे हैं। ये रद्दीकरण ई-वे बिल उत्पादन के चार घंटों के भीतर किया जा रहा है। ऐसे मामले भी पाए गए हैं जिनमें एक ही जीएसटीएन नंबर से 100 में से 99 ई-वे बिल रद्द किए गए हैं। इन मामलों पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और जीएसटीएन नेटवर्क ने जांच की शुरुआत कर दी है और इस पर भी गौर किया जा रहा है कि सिस्टम में कहां कमी है, जिसके चलते ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। वित्त मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि लोहा, इस्पात, सीमेंट, सैनिटरी वस्तुओं और तांबे के तारों जैसे सामानों का आसानी से उपभोग किया जाता है और इन्हीं के ई-वे बिलों में सबसे ज्यादा गड़बड़ी पाई गई है। अधिकारी ने कहा है कि ऐसे व्यापारी जीएसटीएन नंबर के आधार पर पहचाने जा रहे हैं और उसी के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर सरकार ने अब ई-वे बिल जारी करने के लिए उस ट्रांसपोर्टर का नाम देना अनिवार्य कर दिया गया है, जिसके जरिये माल भेजा जा रहा है। यही नहीं, इसमें कुछ ऐसी सहूलियतें भी कर दी गई हैं, ताकि छोटे कारोबारी खुद अपना ई-वे बिल जारी कर सकें और इसके लिए उन्हें चार्टर्ड अकाउंटेंट या अन्य प्रशिक्षित पेशेवरों की मदद नहीं लेनी पड़े। जीएसटी नेटवर्क से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार से ही देशभर में ई-वे बिल जारी करने की प्रक्रिया में सुधार कर दिया गया है। पहले कारोबारी ई-वे बिल जारी करने को लेकर पार्ट-ए स्लिप जेनरेट करने के लिए पार्ट-बी को अधूरा छोड़ देते थे।

## लेट होने पर एयर इंडिया के कैबिन क्रू को अब मिलेगी सजा

नई दिल्ली (आरएनएस)। एयर इंडिया के कैबिन क्रू को अब फ्लाइट के लिए समय पर न पहुंचना महंगा पड़ सकता है। अगर अब कैबिन क्रू फ्लाइट के लिए देरी से पहुंचेंगे तो उन्हें एयरलाइन के ऑफिस पिकअप कैब का खर्च खुद उठाना होगा। साथ ही एयर इंडिया ने यह फैसला भी किया है कि उनका कैबिन क्रू अब भारत और विदेश दोनों ही जगह थ्री स्टार होटल में रुका करेंगे।

एयर इंडिया ने ये निर्देश खर्च में कटौती करने के इरादे से दिए हैं। साथ ही इसके पीछे जेट फ्यूल में हुई 7.3 व की वृद्धि को भी वजह बताया जा रहा है जिससे 65 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार एयरलाइन पर इस महीने पड़ने वाला है। एयर इंडिया का सालाना ईंधन का बिल 8,500 करोड़ रुपये का होता है जिसमें तेल की कीमत बढ़ने के कारण इस महीने 65 करोड़ रुपये और जुड़ जाएंगे। सोमवार को एयरलाइन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अब से कैबिन क्रू 3 स्टार होटल में रुका करेंगे और इसका सख्ती से पालन किया जाएगा। इस आदेश में यह भी कहा गया जो भी शेड्यूल फ्लाइट के लिए देर से पहुंचेगा उसे एक साल तक सिर्फ डोमेस्टिक रूट पर सफर करना होगा। साथ ही यह भी कहा गया कि बोइंग 777 और 787 के कैबिन क्रू दिल्ली ट्रांसफर ले सकते हैं। इसी साल जून में एयरइंडिया ने फैसला लिया था कि उनका कैबिन क्रू अब होटल रूम को शेयर करेगा। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के साथ रूम शेयर करने के लिए नहीं कहा गया था।

## महाराष्ट्र में डीजल 80 पार, पेट्रोल सेंचुरी से 7 रुपये पीछे

मुंबई (आरएनएस)। कच्चे तेल की बढ़ती कीमत की वजह से तेल की कीमत में आया उछाल थम नहीं रहा है। इस वजह से मंगलवार को महाराष्ट्र में डीजल की कीमत 80 रुपये लीटर तक पहुंच गई। वहां औरंगाबाद में डीजल 80.95, परभणी में 80.34 और नांदेड़ में 80.22 रुपये लीटर पहुंच गया। ठाणे में भी कीमत इसके करीब है और मुंबई में डीजल फिलहाल 79.89 है। बुधवार की बात करें तो कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दूसरी तरफ राज्य में पेट्रोल की कीमत 93 के करीब पहुंच गई है। यह परभणी में सबसे ज्यादा है, जहां पेट्रोल 92.93 पैसे लीटर बिका। नॉर्मल पेट्रोल नांदेड़ में 92.79, मुंबई में 91.2 पैसे प्रति लीटर है। एक्स्ट्रा प्रीमियम की बात करें तो यह राज्य में 95 रुपये लीटर तक पहुंच गया है। मुंबई में प्रीमियम तेल की कीमत 84 रुपये प्रति लीटर है। प्रीमियम फ्यूल की सबसे ज्यादा कीमत परभणी (95.68) में है।

## फर्जी खातों के खिलाफ ट्विटर की लड़ाई तेज

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। चुनाव की पवित्रता की सुरक्षा के लिए ट्विटर ने कहा कि वह अब अनपेक्षित और दुर्भावना पूर्ण व्यवहार प्रदर्शित करनेवाले खातों को भी डिलीट करेगी। हालांकि इस प्लेटफार्म पर धोखाधड़ी करनेवाले अपनी रणनीति तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफार्म का कहना है कि वह नवंबर में होने वाले अमेरिका के मध्यावधि चुनाव से पहले फर्जी खातों की पहचान के नियमों का विस्तार कर रहा है, जिसके तहत संदिग्ध गतिविधियों वाले खातों को बंद कर दिया जाएगा। ट्विटर के उपाध्यक्ष (भरोसा और सुरक्षा) डेल हार्वे ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, चुराए गए एवेटर फोटो लगे फर्जी अकाउंट, या किसी की कॉपी प्रोफाइल, या जानबूझकर प्रोफाइल की भ्रामक जानकारी, जिसमें प्रोफाइल की गलत लोकेशन बताना भी शामिल है, आदि चीजों को ध्यान में रखकर ही हम यह निर्धारित करते हैं कि वह खाता असली है या फर्जी है। ट्विटर ने किसी के प्रोफाइल हैकिंग के बाद उसे वापस पाने के दावे के लिए भी मानदंडों में विस्तार किया है।



## स्पोर्ट्स बायोपिक में दिखेंगी अथिया शेट्टी, जल्द शुरू होगी शूटिंग



आजकल बॉलिवुड में स्पोर्ट्स बायोपिक बनाने का भी ट्रेंड चल रहा है। पहले महेंद्र सिंह धोनी की बायोपिक काफी हिट रही थी और इसके बाद सचिन तेंडुलकर पर भी बायोपिक बनी।

अब साइना नेहवाल की बायोपिक की भी शूटिंग शुरू हो गई है जिसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में हैं। सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी भी एक स्पोर्ट्स बायोपिक में काम कर रही हैं। यह फिल्म कश्मीर की फुटबॉलर अफशां आशिक पर बन रही है। कहा जा रहा है कि इसकी शूटिंग इसी साल दिसंबर से शुरू हो जाएगी।

इस फिल्म का नाम होप सोलो रखा गया है और इसकी ज्यादातर शूटिंग कश्मीर में ही की जाएगी। फिल्म का बाकी का हिस्सा मुंबई में शूट किया जाएगा। पिछली फिल्म मुबारकां के बाद से अथिया इस फिल्म में अपने रोल की तैयारी कर रही थीं। इसके लिए उन्होंने काफी फिजिकल ट्रेनिंग भी ली है। अफशां को विमन फुटबॉल टीम को साथ लाकर ट्रेनिंग देने के लिए पहचाना जाता है। हालांकि उनके ऊपर तब विवाद हो गया था जब उन्हें कश्मीर में पत्थरबाजी में शामिल होने की बात कहकर एक फोटो वायरल हो गया था।

इस फिल्म को राजकुमार संतोषी के असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके मनीष हरिशंकर डायरेक्ट करेंगे। फिल्म में अफशां के स्ट्रगल को दिखाया जाएगा और महिला सशक्तिकरण पर फोकस करेगी। इस फिल्म में अथिया के पिता सुनील शेट्टी भी काफी इंट्रेस्ट ले रहे हैं। उन्हें खुशी है कि अथिया एक रियल लाइफ कैरक्टर निभाने जा रही हैं।

फिल्म के नजदीकी सूत्रों का कहना है कि इस फिल्म के ट्रेनिंग सेशन से जल्द अफशां भी जुड़ जाएंगी ताकि अथिया उनकी बॉडी लेंग्वेज और अन्य चीजों को नजदीक से जान सकें।

साथ ही अथिया अफशां के कश्मीरी लहजे को बोलना भी सीख रही हैं। फिल्म होप सोलो को साइविन कादरस ने लिखा है जिन्होंने इससे पहले परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरण, नीरजा और मैरी कॉम जैसी फिल्में लिखी हैं।

## जैकलिन संग काम को लेकर उत्साहित : कार्तिक

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपनी फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी की सक्सेस इंजॉय कर रहे हैं. इस फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. इसके बाद से उनकी झोली में कई फिल्में आ गई हैं. अब वे लुका छुपी में नजर आने वाले हैं.

इसके अलावा कार्तिक आर्यन का कहना है कि वह कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी के हिंदी रीमेक में जैकलिन फर्नांडीस के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं. कार्तिक ने मुफ्ती ऑटम विंटर कलेक्शन 2018 के लॉन्च के मौके पर संवाददाताओं से यह बात कही.



अपनी आगामी फिल्म के बारे में कार्तिक ने कहा, मैंने लुका छुपी की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें मैंने कृति सैनन के साथ काम किया. डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने इस फिल्म को निर्देशित किया है. उन्होंने कहा, इसके बाद मैं कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी के हिंदी रीमेक में जैकलिन फर्नांडीस के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं.

बता दें कि किरिक पार्टी कन्नड़ कैंपस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है जो 2016 में रिलीज हुई थी. यह इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की कहानी है. फिल्म को फेमस डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने डायरेक्ट किया था. इसमें रक्षित शेट्टी, रश्मिका मंधाना, संयुक्ता हेगड़े और अच्युत कुमार ने बतौर कलाकार मेन रोल प्ले किए थे. महज 4 करोड़ के बजट में बनी इस कन्नड़ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए का कारोबार किया था.

## द स्काई इज पिंक में चार अलग-अलग अंदाज में आएंगी नजर प्रियंका चोपड़ा

आजकल बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की फिल्म को लेकर बॉलीवुड लवर्स में कुछ ज्यादा ही उत्सुकता होती है, क्योंकि प्रियंका ने जब से हॉलीवुड में कदम रखा तब से यहां के प्रोजेक्ट्स पर उनकी रुचि कम ही है. बाजीराव मस्तानी जैसी ब्लॉक बस्टर के दो साल बाद अब प्रियंका बॉलीवुड की फिल्म द स्काई इज पिंक की शुरुआत करने जा रही हैं. उनका यह बॉलीवुड कम बैक उनके फैंस के लिए बड़ी उम्मीदों वाला है.




हॉलीवुड और बॉलीवुड में पिछले कुछ प्रोजेक्ट्स में उन्होंने जो भूमिकाएं चुनी हैं, वे मजबूत, स्वतंत्र पात्र हैं, यह दिल धड़कने दो, बाजीराव मस्तानी और उनकी इंटरनेशनल वेबसीरीज क्वांटिको में साफ तौर पर देखा जा सकता है. लेकिन अब प्रियंका एक मां की भूमिका को निभाने जा रही हैं. इसलिए यह टास्क उनके लिए भी शायद थोड़ा मुश्किल हो. द स्काई इज पिंक में प्रियंका स्क्रीन पर जायरा वसीम द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका आयशा चौधरी की मां के रूप में नजर आएंगी. बता दें कि आयशा एक मोटिवेशनल स्पीकर और राइटर थी, आयशा की बीमारी के चलते उनकी मां अदिति चौधरी ने भी बहुत मुश्किल से अपनी बेटी को चुनौतियों से लड़ना सिखाया था. यह असली जिंदगी से प्रेरित कहानी होने के कारण यह भूमिका भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण है। बता दें कि 13 साल की उम्र में फाइब्रोसिस डायग्नोज होने के बाद आयशा ने मोटिवेशनल स्पीकर बनने की ठान ली थी और 21 साल की उम्र में ही उनका निधन हो गया था. इसके बाद उनकी मां अदिति ने ही उनकी किताबों को बातों को आगे फैलाने का जिम्मा उठाया है. आयशा की किताब माई लिटिल एपिफनीज नाम से प्रकाशित है.

### 30 साल में आएंगे 4 लुक्स

प्रियंका की एक्टिंग के कायल दर्शकों के लिए यह फिल्म बहुत अच्छा मौका देने वाली है. क्योंकि इसमें प्रियंका को चार अलग-अलग रूप में दिखने का मौका मिलेगा. क्योंकि यह फिल्म 30 साल की अवधि पर बनाई जा रही है. हालांकि अभी जानकारी पूरी तरह से छिपाने की कोशिश की जा रही है. लेकिन सेट पर मौजूद एक सूत्र के अनुसार फिल्म में प्रियंका नई नवेली दुल्हन से लेकिन एक प्रौढ़ा महिला तक चार रूपों में नजर आने वाली है. गौरतलब है कि हाल ही में इटली में इशा अंबानी की सगाई में प्रियंका अपने मंगेतर निक जोन्स के साथ मस्ती करती नजर आई थी.

## कहीं अर्पिता को यह न लगे कि मैं आयूष को सपॉर्ट नहीं कर रहा: सलमान

अपने बहनोई आयूष शर्मा को बॉलिवुड में लॉन्च करने के लिए सलमान खान पूरी तरह से तैयार हैं। आयूष सलमान खान के प्रॉडक्शन में बन रही रोमांटिक फिल्म लवयात्री से बॉलिवुड में एंट्री लेने जा रहे हैं। वह इस फिल्म के प्रमोशन में भी हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि, सलमान खान ने कहा है कि वह इसकी पब्लिसिटी से दूर रहना चाहते हैं और इसके पीछे एक महत्वपूर्ण वजह है।




सलमान ने कहा, मैंने एक बार हीरो गाया था। मैं आज भी हर जगह वही गा रहा हूं। इसलिए मैं फिल्म की पब्लिसिटी से जितना हो सके दूर रहना चाहता हूं। इसके लिए मुझे डर है कि कहीं मेरी बहन अर्पिता को यह न लगे कि मैं आयूष को सपॉर्ट नहीं कर रहा।

यह फिल्म अपने नाम के कारण विवादों में भी घिरी है। पहले इस फिल्म का नाम लवरात्रि था। कुछ हिंदू संगठनों को इस नाम से आपत्ति थी।

उनका कहना था कि यह नाम हिंदू पर्व नवरात्रि का नाम बिगाड़ता है। इसके बाद इसका नाम लवयात्री कर दिया गया। यह फिल्म 5 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

## नमस्ते इंग्लैंड से बॉलिवुड में डेब्यू करेंगी केटी इकबाल

बॉलिवुड में डेब्यू कर रहीं ऐक्ट्रेस केटी इकबाल सोशल मीडिया की नई सनसनी बन गई हैं। उन्होंने अपनी बिकीनी फोटोज से इंटरनेट पर



धमाल मचा दिया है। केटी इकबाल बॉलिवुड फिल्म नमस्ते इंग्लैंड से डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा की मुख्य भूमिका है। केटी फिल्म में परिणीति की सहेली के किरदार में दिखाई देंगी। केटी का जन्म कैरिबियाई द्वीप समूह में हुआ था और उन्होंने बिजनस ऐडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। केटी इकबाल टेलिविजन वर्ल्ड का जाना-पहचाना चेहरा है। वह कई मशहूर वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। केटी इकबाल को हिंदी नहीं आती है और इस वजह से वह अभी तक बॉलिवुड में अपनी जगह नहीं बना सकी हैं।

## राजकुमार राव की इस फिल्म में सुमित व्यास निभाएंगे निगेटिव रोल

वीरे दी वेडिंग और हाईजैक जैसी फिल्मों से बड़े पर्दे पर अपनी ऐक्टिंग का जलवा बिखेरने वाले सुमीत व्यास आजकल अपनी अगली फिल्म मेड इन चाइना में व्यस्त हैं। इस फिल्म में मुख्य किरदार राजकुमार राव और मौनी रॉय निभा रहे हैं, जबकि सुमित इस फिल्म में निगेटिव किरदार निभाते नजर आएंगे। मेड इन चाइना में निगेटिव किरदार निभाने को लेकर सुमित कहते हैं, एक कलाकार के तौर पर मैं खुद से मिलते जुलते किरदार को निभा कर काफी कंफर्टेबल होता जा रहा था। मुझे इस कंफर्ट जोन से बाहर निकलना था और खुद को अनकंफर्टेबल जोन में पहुंचाना था।



सुमित ने बताया काम को लेकर उनके चुनाव को अगर देखा जाए तो यह समझा जा सकता है कि वह करियर में किस प्रकार आगे जाना चाहते हैं। सुमित कहते हैं, कुछ खास प्रकार के भाव होते हैं जो एक कलाकार के मन को काबू करते हैं। तो जैसी फिल्में मैं देखता हूं, जो किताबें मैं पढ़ता हूं, जो कहानियां मैं लिखता हूं वह सब उसी मन की उपज है और मुझे लगता है कि अब वक्त आ गया है कि इन चीजों से बाहर निकल कर मैं एक ऐक्टर के तौर पर और अधिक चैलेंजिंग रोल करूं।